कार्यालय प्रथम अपील अधिकारी, जिला कलक्टर,दौसा

श्री खेमराज शर्मा निवासी ग्राम पाडली बाढ, पोस्ट कालवान, तहसील सिकराय जिला दौसा, राजस्थान– 303508।

बनाम

लोक सूचना अधिकारी (जिला रसद अधिकारी) जिला दौसा।

अपील संख्याः 45/2020

निर्णय दिनांक :27.10.2020

संक्षिप्त विवरण अपील इस प्रकार है कि सूचना के अधिकार 2005 की धारा 19(6) के तहत अपीलांट द्वारा प्रस्तुत अपील नोडल अधिकारी सूचना के अधिकार एवं सहायक आयुक्त (खाद्य) खाद्य एंव नागरिक आपूर्ति विभाग, राजस्थान सरकार जयपुर से प्रथम अपील संख्या 17/2020 दिनांक 22.09.2020 इस कार्यालय को प्राप्त हुई है। जिसमे अपीलांट को वांछित सूचना/नकल प्राप्त नहीं होने के कारण यह अपील प्रस्तुत की है।

अपील दर्ज रजिस्टर की गई। प्रार्थी द्वारा चाही गई सूचना बिंदू संख्या 01लगा0 03 लोक सूचना अधिकारी (जिला रसद अधिकारी) जिला दौसा से संबंधित होने से खाद्य एंव नागरिक आपूर्ति विभाग से प्राप्त प्रथम अपील एवं संलग्नक की छाया प्रति पत्रांकःडी0एम0/कोर्ट/2020/1882 दिनांक 30.09.2020 एवं स्मरण पत्रांकः डी0एम0/कोर्ट/2020/1982 दिनांक 15.09.2020 द्वारा प्रेषित कर संबंधित को वांछित नकल/सूचना उपलब्ध करवाई जाकर जॉच टिप्पणी मॅगवाई गई। अपील मे बिन्दु संख्या 04 से संबंधित सूचना के संदर्भ में सुनवाई का क्षेत्राधिकार मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद, दौसा का होने से सूचना का अधिकार 2005 की धारा 6(3) के तहत अपील आवश्यक कार्यवाही हेतु पत्रांकः डी0एम0/कोर्ट/आरटीआई/2020/1883 दिनांक 30.09.2020 द्वारा स्थानान्तरित की गई।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। लोक सूचना अधिकारी (जिला रसद अधिकारी) जिला दौसा ने अपने पत्रांक :रसद/आरटीआई/2020/2586 दिनांक 26.10.2020 के द्वारा अवगत करवाया है कि अपीलांट द्वारा चाही गई सूचना में बिंन्दु संख्या 01 लगायत 03 की उनके कार्यालय के पत्रांकः रसद/आरटीआई/2020/2585 दिनांक 23.10.2020 के द्वारा अपीलांट को भिजवाई जा चुकी है। जिसकी प्रति पत्रावली मे संलग्न है। इससे यह स्पष्ट होता है कि अपीलांट को सूचना के संबंध मे वस्तुस्थिति से अवगत करवा दिया गया है। ऐसी स्थिति में अपील अपीलांट चलने योग्य नहीं है। अतः अपील अपीलांट खारिज योग्य है।

उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपील अपीलांट खारिज की जाती है। संबंधित को निर्णय की प्रति प्रेषित करें। बाद पूर्ति पत्रावली प्रविष्ठ लेख भण्डार हो।

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

(पीयुष समारिया)
जिला कलक्टर, दौसा
जिला कलक्टर,दौसा